

# शहर में फिर दिखा रफ्तार का कहर, दंपति की मौत

## शादी समारोह में शामिल होने आ रहा दंपति, वायपास रोड़ पर कॉलेज के समीप हुआ हादसा



**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** जिले में आए दिन रफ्तार का कहर देखने को मिल रहा है, जिसके कारण आए दिन हो रहे सड़क हादसे में लोग अपनी जान गंवा रहे है। ऐसा ही एक हादसा मंगलवार की शाम वायपास रोड़ देखने को मिला, जहां एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाईक सवार दंपती को टक्कर मारदते हुए रौंद दिया। जिसके कारण दंपती की मौके पर ही मौत हो गई। तो वहीं बाइक पर सवार उनकी बेटी को मामूली चोटे आई है, लेकिन हादसे के बाद वह सदमें चली गई। जिसके कारण पुलिस को पूछताछ और जानकारी जुटाने में परेशानी हुई।

जानकारी के अनुसार ग्राम गुरू कुडवाया थाना पिछोर जिला शिवपुरी निवासी इंद्रभान सिंह ओझा पत्नि राजकुमारी एवं बेटी शालनी के साथ बाईक से शहर की शंकर कालोनी में शादी समारोह में शामिल होने के लिए आ रहे थे। इसी बीच वायपास रोड़ स्थित कॉलेज एवं विराज किचिन के सामने पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे बाईक सवार दपंती पाहियों के नीचे गए और घिसटते हुए चले गए। जिसके कारण उनकी मौके पर ही मौत हो गई, तो वहीं बाईक पर सवार दंपती की बेटी उछलकर दूसरी साइड गिरी, जिससे उसको मामूली खरौंचे आई है। वहीं घटनो के बाद जहां बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। तो वहीं इस घटना की जानकारी जैसे ही शाम तक लोगों के बीच पहुंची, तो वह चर्चा का विषय बन गई और लोग तरह तरह की बाते करते हुए यातायात विभाग की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिन्ह खड़े करते हुए नजर आए। तो वहीं कई लोग अपना गुस्सा सोशल साइडे जताते नजर आए।

### हादसे के बाद सदमें में दंपती की बेटी:

शादी समारोह में जहां एक ओर खुशियों का महौल था, तो वहीं ओर सड़क हादसा हो जाने से शादी की खुशियों में खलल पड़ गया। एक ओर जहां अपने भांजे की शादी में शामिल होने आ रहा दंपती रफ्तार की भेंट चढ़ गया। तो वहीं उनकी बेटी इस हादसे के बाद गहरे सदमें में चली गई। जिसके चलते लोगों को जानकारी जुटाने में परेशानी हुई। जैसे तैसे लोगों एवं पुलिस द्वारा मृतक दंपती एवं उसके रिश्तेदारों की पहचान की गई और उसके बाद घटना की जानकारी मृतकों के रिश्तेदारो को दी गई।



### ट्रक को पुलिस ने किया जब्त

भीषण सड़क हादसे के बाद जहां बाइक सवार दंपती की मौत हो गई थी, तो वहीं ट्रक भी घटना के बाद वहीं खड़ा होकर रह गया। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रक को जब्त करते हुए थाने में रखवाया। वहीं मृतकों के शवों को पीएम के लिए जिलाअस्पताल भिजवाया गया। जहां पीएम उपरांत शव परिजनों के सुपुर्द किया गया। वहीं पुलिस ने मर्गकायम करते हुए जांच में लिया है।

## बीमारी से त्रस्त व्यक्ति ने ट्रक के आगे लेटकर दी जान, जादू-टोना का था शक

अशोकनगर। बीमारी से परेशान होकर एक 45 वर्षीय व्यक्ति ने तेज रफ्तार ट्रक के आगे कूदकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। इस घटना को जिसने देखा वह दंग रहा और कहता नजर आया कि कोई तरह अपनी जान देता है क्या।

दरअसल खिरिया देवत निवासी कन्हैयाराम पुत्र हरिसिंह कुशवाह पिछले पांच माह से पेट दर्द की समस्या से जूझ रहे थे, जिसके चलते उनका इलाज शहर के प्रसिद्ध चिकित्सक के यहा चल रहा था। मंगलवार की दोपहर मृतक अपने बेटे और एक रिश्तेदार के साथ इलाज कराने के लिए चिकित्सक के पास पहुंचा था, जहां चिकित्सक द्वारा उसे परामर्श देने के साथ ही सोनाग्राफी कराने की सलाह दी थी। जहां मृतक का पुत्र उसकी सोनोग्राफी कराने के लिए ले जा रहा था, लेकिन इसी बीच मृतक ने घर जाने की जिद पकड़ ली, जिसके चलते वह अपने उन्हें अपने रिश्तेदार के साथ अपने गांव जा रहा था। इसी बीच वह जैसे ही राजमाता चौराहे के पास पहुंचे तो सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक को देखकर बाईक रोक ली, यह देखते ही बाईक पर बैठे कन्हैयाराम ट्रक के आगे कूद गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### पिताजी कहते थे मेरे ऊपर कर्तव्य किया है

कन्हैयाराम के पुत्र ने बताया कि उसके पिता जी काफी से पेट दर्द से पीडित थे, जिसके चलते उनका इलाज कई चिकित्सकों से कराया गया, लेकिन उन्हें आराम नहीं मिला। जिसके चलते वह हमेशा अपने ऊपर करतब होने की बात कहते थे और इसी बात से काफी भयभीत रहते थे। वहीं बीमारी के कारण वह मानसिक से भी ठीक नहीं थे। वहीं घटना के बाद मृतक के शव का पीएम पुलिस द्वारा कराते हुए शव परिजनों के सुपुर्द सौंप दिया गया।

## एक नजर में




### 105 मरीज ऑपरेशन के लिए चिन्हित

**अशोकनगर।** राष्ट्रीय और अंधत्व निवारण कार्यक्रम के तहत श्री करुणा निधि सेवा समिति द्वारा श्री सतगुरु सेवा संघ ट्रस्ट नेत्र चिकित्सालय आंनदपुर के सहयोग से मंगलवार को निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें करीब दो सैंकड़ा मरीजों की आंखो की जांच नेत्र चिकित्सकों द्वारा की गई। जिनमें से करीब एक सैंकड़ा से अधिक मरीज मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित किये गये। जिन्हें समिति द्वारा ऑपरेशन के लिए बस के माध्यम से लटेरी भेजा गया। करुणा निधि सेवा समिति अध्यक्ष माधव सिंह ने बताया कि करुणा निधि सेवा समिति प्रत्येक माह के चौथे मंगलवार को नेता शिविर का आयोजन करवाती है, इस बार भी मंगलवार को मरीजों की जांच कर सतगुरु नेत्र चिकित्सालय सतगुरु नगर आनंदपुर तहसील लटेरी जिला विदिशा बस के द्वारा भेजा गया।

### जनसुनवाई में आए 96 आवेदन

**अशोकनगर।** मंगलवार को आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में कलेक्टर साकेत मालवीय ने कलेक्ट्रेट के जनसुनवाई कक्ष में आवेदकों की समस्याओं को समक्ष में सुनकर निराकरण के निर्देश मौके पर उपस्थित जिला अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में 96 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों का समय सीमा में निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।

# वाहन चलाते समय मोबाइल का किया उपयोग

## यातायात विभाग ने बनाए चालान, लाईसेंस निरस्त करने भेजा गया प्रस्ताव

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** यातायात विभाग द्वारा यातायात नियमों का उल्लघन करने पर सख्त कार्रवाई की जा रहीं है। जहां एक ओर विभाग द्वारा नियमों का उल्लघन करने वाले वाहन चालकों के चालानी कार्रवाई की जा रहीं है। तो वहीं उनके लाईसेंस निरस्त करने के लिए प्रस्ताव परिवहन विभाग को भेजा गया है।

दरअसल सड़क दुर्घटनाओं में प्रभावी कमी लाने एवं आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गठित कमेटी ऑन रोड सेफ्टी के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में जिले में व्यापक एवं सतत यातायात अभियान संचालित किया जा रहा है। जिले में सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ करने, यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन संचालन पर अंकुश लगाने हेतु थाना यातायात द्वारा निरंतर चेकिंग एवं चालानी कार्यवाही की जा रही है। केवल चालान तक सीमित न रहकर यातायात नियमों के उल्लंघन के मामलों में वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन की कार्यवाही भी सुनिश्चित की जा रही है, जिससे भविष्य में पुनरावृत्ति पर रोक लगाई जा सके।



### मोबाइल फोन का उपयोग करने वाले चालकों पर विशेष कार्यवाही :

थाना यातायात प्रभारी निरीक्षक स्नेहा ठाकुर, सूबेदार संतोष शर्मा एवं सहायक उप निरीक्षक निरंजन सिंह के नेतृत्व में जनवरी फरवरी में अब तक वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग करने वाले 21 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही की गई। इन चालकों से कुल 21,000 रुपये का जुर्माना वसूल किया गया। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग करना गंभीर दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण है, जिसे दृष्टिगत रखते हुए ऐसे प्रकरणों को प्राथमिकता से लिया जा रहा है।

### ओवरलोडिंग पर कार्यवाही :

ओवरलोडिंग कर माल का परिवहन करने वाले वाहन क्रमांक आरजे11, जेडी 1621 के चालक पर 13,000 रुपये का चालान किया गया। इसके अतिरिक्त एक ऑटो चालक द्वारा खतरनाक तरीके से माल का परिवहन किया जा रहा था तथा वाहन का वैध बीमा भी नहीं पाया गया। उक्त चालक के विरुद्ध खतरनाक वाहन संचालन एवं बीमा न होने पर 3,500 रुपये का जुर्माना किया गया। इसी तरह प्रतिबंधित क्षेत्र में वाहन संचालन करने पर वाहन क्रमांक आरजे06, जेडी6064 के चालक द्वारा प्रतिबंधित क्षेत्र में वाहन संचालन किया जाना पाया गया, जिस पर मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 115/194(2) के अंतर्गत 5,000 रुपये का चालान किया गया।

### लाइसेंस निलंबन हेतु प्रकरण प्रेषित :

उपरोक्त समस्त यातायात नियमों के गंभीर उल्लंघनों को दृष्टिगत रखते हुए कुल 22 वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन हेतु प्रकरण तैयार कर संबंधित लाइसेंस जारीकर्ता (आरटीओ) कार्यालय को प्रेषित किए गए हैं। यह कार्यवाही भविष्य में नियमों के प्रति उत्तरदायित्व सुनिश्चित करने हेतु की गई है। यातायात विभाग द्वारा बताया गया है कि जिले में यातायात नियमों की अवहेलना एवं सार्वजनिक सुरक्षा से खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध सख्त एवं निरंतर कार्यवाही भविष्य में भी जारी रहेगी।

# शहर को सिक्स लेन ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे से जुडने की मांग

**जिले के लोगों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन**

**कहा एक्सप्रेसवे से जुडने से बड़ेगा रोजगार**

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** जिला मुख्यालय को प्रस्तावित सिक्स लेन ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे से सीधे जोड़ने की मांग अब जोर पकड़ने लगी है। मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान शहर के नागरिकों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर को आवेदन सौंपा और अशोकनगर को हाईवे से कनेक्ट कराने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर अनुशंसा भेजने की मांग की। नागरिकों का कहना है कि ग्वालियर से नागपुर तक बनने वाले प्रस्तावित सिक्स लेन ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे की घोषणा हाल ही में केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी द्वारा विदिशा दौरे के दौरान की गई थी। करीब 40 हजार करोड़ रुपये की लागत वाली इस महत्वाकांक्षी परियोजना का सर्वे और डीपीआर कार्य प्रारंभिक चरण में है। ऐसे में यदि अभी से पहल की जाए तो अशोकनगर को सीधे एक्सप्रेसवे से जोड़ा जा सकता है। आवेदन में बताया गया कि वर्तमान में जिला मुख्यालय किसी बड़े राष्ट्रीय राजमार्ग से सीधे नहीं जुड़ा है, जिससे व्यापार, उद्योग, पर्यटन और रोजगार के अवसर सीमित हो रहे हैं। एक्सप्रेसवे से कनेक्टिविटी मिलने पर जिले के आर्थिक और सामाजिक विकास को नई गति मिल सकती है। जनसुनवाई में कलेक्टर साकेत मालवीय को सौंपे गए आवेदन पर उन्होंने कहा कि यह विषय जनसुनवाई के दायरे से ऊपर है तथा राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण एक स्वतंत्र निकाय है, जो सर्वे और तकनीकी निर्णय लेता है। प्राधिकरण द्वारा सुझाव मांगे जाने पर जिला प्रशासन आवश्यक कार्रवाई करेगा। साथ ही उन्होंने नागरिकों को जनप्रतिनिधियों के माध्यम से भी अपनी मांग रखने की सलाह दी। आवेदकों ने बताया कि इस संबंध में प्रधानमंत्री कार्यालय, केंद्रीय परिवहन मंत्रालय और क्षेत्रीय सांसद एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को भी पत्र भेजे जा चुके हैं।

# अध्यक्ष ने किया नगरपालिका का निरीक्षण

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** नगर की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने और आमजन को मिल रही सुविधाओं का जायजा लेने के लिए आज नगरपालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने मंगलवार को नगरपालिका कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय के विभिन्न विभागों की कार्यप्रणाली को देखा और वहां मौजूद नागरिकों से सीधे संवाद किया। निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष श्री मनोरिया ने कार्यालय में खड़े हितग्राहियों के पास जाकर उनसे आत्मीयता से बात की। उन्होंने पूछा कि वे किस कार्य के लिए आए हैं और उन्हें वहां कितनी देर से प्रतीक्षा करनी पड़ रही है। हितग्राहियों की समस्याओं को सुनने के बाद उन्होंने मौके पर ही अधिकारियों को तलब किया। साथ नगरपालिका अध्यक्ष ने अधिकारियों और कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि जो भी हितग्राही या नागरिक अपनी समस्या लेकर आता है, उसका संभव हो तो तुरंत मौके पर ही निराकरण कर उसे संतुष्ट करके भेजा जाए। आम नागरिकों और हितग्राहियों को अपने काम के लिए अनावश्यक रूप से परेशान न होना पड़े। नगरपालिका कार्यालय से कोई भी नागरिक निराश होकर वापस नहीं जाना चाहिए। और यह सुनिश्चित करना होगा कि शासन की योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को मिले।



## डीईओ ने किया बोर्ड परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

**अशोकनगर।** जिला शिक्षा अधिकारी चंद्रशेखर सिसोदिया द्वारा मंगलवार को जिले में संचालित हाईस्कूल परीक्षा हेतु प्रश्न पत्र गणित का निरीक्षण किया गया। उन्होंने परीक्षा केंद्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्राणपुर, शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चंदेरी, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चंदेरी, सरस्वती विद्या मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल चंदेरी, शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चंदेरी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिपरई, महावीर हायर सेकेंडरी स्कूल पिपरई पहुंचकर किया गया। सभी केंद्रो पर मूलभूत सुविधाएं एवं व्यवस्थाएं सही पाई गई।

# हितांनद शर्मा की मां जनकदुलारी का लंबी बीमारी के बाद निधन

**राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सह बौद्धिक प्रमुख है शर्मा**

**अंतिम यात्रामें शामिल हुए दिग्गज भाजपाई**

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र सह बौद्धिक प्रमुख हितानंद शर्मा की मां जनकदुलारी शर्मा का मंगलवार सुबह निधन हो गया। यह खबर जैसे ही सामने आई तो पूरे जिले में शोक की लहर दौड़ गई। जिसके बाद हर आम और खास व्यक्ति की दौड़ उनके गृह ग्राम की ओर थी।

दरअसल 90 वर्षीय जनकदुलारी शर्मा लंबे समय से बीमार चल रही थीं, जिसके चलते उन्हें उपचार के लिए भोपाल के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां मंगलवार सुबह उन्होंने अपनी अंतिम सांस ली, तो वहीं दोपहर को उनका पार्थिव शरीर जिले के उनके पैतृक गांव मढ़ी महिदपुर लाया गया। जहां उनकी अंतिम यात्रा निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इस दौरान जिले और आसपास के कई भाजपा नेता व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। अंतिम विदाई देने पहुंचे प्रमुख नेताओं में पूर्व गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा, कैबिनेट मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल, कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त सावन सोलकर और भाजपा महामंत्री गौरव रणवीर शामिल थे। सभी उपस्थित लोगों ने अंतिम यात्रा से पहले उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। तो वहीं हितांनद शर्मा एवं उनके भाईयों द्वारा मुखाग्नि दी गई।



### सिंधिया, सीएम सहित पहुंचे थे कई दिग्गज :

मध्यप्रदेश भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री रहे हितानंद शर्मा की मां जनकदुलारी के अस्वस्थ होने के बाद उनका हाल चाल जानने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया सहित कई मंत्री एवं भाजपा के जिलाध्यक्ष देखने के लिए उनके गांव पहुंचे थे।

**श्रीराम कथा**

**बांसाखेड़ी हनुमान मंदिर पर चल रही श्रीराम कथा में बोले कथावाचक यशवंत मिश्रा**

# धैर्य धारण और धर्म पर चलने वालों की हमेशा होती है विजय



**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** कबीरा रोड़ स्थित श्री बांसाखेड़ी हनुमान मंदिर पर चल रहीं श्रीराम कथा के सातवे दिन कथावाचक यशवंत मिश्रा श्री रामचरितमानस पर प्रकाश डालते हुए कहा कि धैर्य धारण करने से हमेशा विजय प्राप्त होती है। इस दौरान उन्होंने कहा कि भगवान श्री राम ने अपने मात पिता के कहने पर 14 वर्ष वन में बिताएं एवं अनैको कष्ट सहे, पिताजी का मरण, सीता जी का हरण और रावण से युद्ध करते समय भाई लक्ष्मण का गिरण तो भी धीरज को नहीं छोड़ा, धैर्य धारण करते रहे आखिर में सत्य की विजय हुई। धैर्य धारण करने वाले को हनुमान जी जैसे मददगार मिल जाते हैं और लंका पर विजय करके माता सीता को आदर सहित अपनी राजधानी अयोध्या को लोट आए। अयोध्या नगरी को अयोध्या धाम बना दिया, आज श्री राम जी की दोनों समय मंदिरों में विठालकर आरती होती है और पर नारी का अपहरण करने वाले राजा रावण का हर वर्ष उसी तिथि को यानी की दशहरे पर पुतला दहन किया जाता है और जिन हनुमान जी ने परमार्थ किया दुष्ट प्रवृत्तियों को दंड दिया, अपने बल का सदुपयोग किया उनसे आज भी सभी लोग मदद मांगते हैं। इसलिए अगर बल है तो नीति का साथ दो, अनाथों के नाथ बनो, आपका यस रहेगा धन है तो निर्धनों को दो, आपका यस रहेगा, बल है तो निरवल की मदद करो, आपका यश रहेगा सहित अन्य बाते कहीं। वहीं श्रीराम कथा के समापन अवसर पर पूर्ण आहूति यज्ञ का आयोजित किया गया। जिसमें उपस्थित श्रद्धालुओं द्वारा मंत्रों पर आहूतियां दी। तो वहीं श्रद्धालुओं का कन्या भोज कराने के साथ ही ब्राह्ण का दक्षिणा आदि देकर विदा किया।

# मंगल दिवस पर बाल चौपाल का आयोजन

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** एकीकृत महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत शहर के वार्ड क्रमांक 22 में मंगलवार को बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य और पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से बाल चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी चंद्रसेना भिड़े के कुशल मार्गदर्शन एवं सुपर वाईजर प्रियंका पवार के नेतृत्व में संपन्न हुए इस कार्यक्रम में वार्ड पार्षद आयुषी जैन का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ समन्वयक कार्यकर्ता अतिथियों का तिलक लगाकर और माल्यार्पण कर भव्य स्वागत के साथ किया गया, जिसके बाद उन्होंने आयोजन की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की। बच्चों के शुरुआती पोषण की महत्ता पर अपना प्रबोधन दिया, उपस्थित महिलाओं को शासन की योजनाओं और बाल देखभाल के प्रति प्रेरित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने मे सभी का विशेष सहयोग रहा।

